पाठ 13 घर में सुरक्षा

सही विकल्प

1. तरल पदार्थ जिसकी लापरवाहीपूर्ण व्यवस्था के कारण आग लग सकती है -

(अ) पेट्रोल

(ब) वातित पेय

(स) गर्म पानी

(द) गीला कपड़ा

2. एक इलेक्ट्रिक सर्किट में एक से अधिक उपकरणों का प्रयोग नहीं करना चाहिए क्योंकि-

(अ) इससे तार अधिक गर्म हो जाते हैं |

(ब) यह देखने में अच्छी नहीं लगती है |

(स) तार टूट जाती है |

(द) इससे तारे उलझ जाते हैं |

3. रसोई घर में कार्य करते समय कौन से कपड़े पहनना सर्वाधिक खतरनाक होता है -

(अ) रेशम

(ब) सूती

(स) नायलॉन

(द) ऊनी

4. जब घर में आग लग जाती है तो साफ वायु कहां रहती है -

(अ) सीलिंग के स्तर पर रहती है |

(ब) भूमि के स्तर पर रहती है |

(स) खिड़की के स्तर पर रहती है |

(द) छत के स्तर पर रहती है |

5. यदि आपकी रसोई में से गैस के रिसाव की गंध आती है तो आप क्या करेंगे -

(अ) माचिस जलाएंगे

(ब) लाइट का स्विच ऑन करेंगे

(स) घर के अंदर ही रहेंगे

(द) खिड़कियां खोलेंगे

6. फ्रैक्चर वाले भाग को किसके साथ बांधा जा सकता है -

(अ) लकड़ी की छड़

(ब) पत्रिका को रोल करके

(स) स्केल

(द) उपरोक्त सभी

7. मोच का उपचार करते समय ठंडा पानी डालना चाहिए ताकि -

(अ) शरीर के तापमान को कम किया जा सके |

(ब) पीड़ा व सूजन को कम किया जा सके |

(स) पीड़ित को शांत किया जा सके |

(द) उपयुक्त सभी |

8. बिजली के झटके से पीड़ित व्यक्ति को आवश्यकता होती है -

(अ) कंबल

(ब) गीली चादर

(स) गर्म पानी की बोतल

(द) पतली साड़ी

9. बिजली के झटके से पीड़ित व्यक्ति को नीचे लिटाकर -

(अ) पैर ऊपर उठाए जाते हैं |

(ब) सिर को ऊपर उठाया जाता है |

(स) भूमि पर सीधा लिटाया जाता है |

(द) साइड की ओर लिटाया जाता है |

10. बिजली के कनेक्शन से चिपके हुए व्यक्ति को अलग करने के लिए -

(अ) अपने हाथों का प्रयोग करें |

(ब) आस-पास पड़ी किसी वस्तु का प्रयोग करें |

(स) हॉकी स्टिक का प्रयोग करें |

(द) धातु की छड़ का प्रयोग करें |